शुक्रिया तेरा बाबा | by Dr. Pawan Bakshi

शुक्रिया तेरा ओ बाबा निभाई है तुमने यारी
सुदामा अपना समझ के मेरी किस्मत है सँवारी
शुक्रिया तेरा ओ श्याम ....

शुक्रिया तेरा ओ श्याम निभाया तूने वादा
मैंने जितना तुमसे माँगा दिया तुमने उससे ज़्यादा
शुक्रिया तेरा ओ श्याम ....

शुक्रिया तेरा ओ बाबा बना पहचान तू मेरी
दीवाना श्याम का बोले यही थी मर्ज़ी मेरी
शुक्रिया तेरा ओ श्याम ....

शुक्रिया तेरा ओ बाबा हारे का तू है सहारा
तेरे चरणों में बीते सांवरे जीवन हमारा
शुक्रिया तेरा ओ श्याम ....

शुक्रिया तेरा ओ बाबा आखिरी विनती है मेरी
जनम जब भी लूँ बाबा करूँ मैं भक्ति तेरी
शुक्रिया तेरा ओ श्याम ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-dr-pawan-bakshi/